# बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सुपर स्पेशलिटी सेंटर



डा. मोहित गुप्ता

M.Ch., Neurosurgery (AIIMS)
Senior Consultant Neurosurgeon
मस्तिष्क, रीढ़ एवं नस रोग विशेषज्ञ
Reg. No. UPMCI 65389
समय – प्रातः 10 से 12:30 बजे तक
एवं सायं 6 से 8:30 बजे तक

अब डॉ. मोहित गुप्ता रविवार को भी मिलेंगे प्रातः 10 से दोपहर 1 बजे तक

सुविधायें

ब्रेन हैमरेज | स्लिप डिस्क
ब्रेन ट्यूमर | मिर्गी का दौरा
गर्दन दर्द (सर्वाइकल)
रीढ़ की चोट, टी.बी
सिर दर्द, माइग्रेन
कमर दर्द, कंधों में दर्द
पीठ दर्द, रीढ़ की गांठ
सिर की चोट (हेड इंजरी)
हाथ पैरों में झनझनाहट
फालिज (लकवा)
नसों का दर्द
सियाटिका (कमर में पैरों का दर्द)
दिमागी में पानी व खून जमना
दिमाग, रीढ़ एवं नस सम्बन्धित सभी बीमारियों का इलाज एवं ऑपरेशन

Bareilly Neuro and Spine Super Speciality Centre
Google Maps Location

सी-427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
7417389433, 7017678157
9897287601, 8191879754


# देवरनियां में भारी मात्रा में गोवंशीय अवशेष बरामद

## एक सप्ताह में दूसरी बार हुई गौकशी, संगठनों का हंगामा

संवाददाता, देवरनियां,

**अमृत विचार :** कोतवाली देवरनियां क्षेत्र में शुक्रवार को भारी मात्रा में संरक्षित की गौकशी के अवशेष बरामद हुए हैं। बोरों में बंद अवशेषों को पुलिस ने दफना दिया है। सूचना पर पहुंचे गोरक्षा हिंदू दल के कार्यकर्ताओं ने हंगामा कर जल्द खुलासा न होने पर आन्दोलन की चेतावनी दी है।एक सप्ताह में गौकशी की यह दूसरी वारदात है। एक सप्ताह पूर्व भी रिछा चौकी क्षेत्र में गौकशी के अवशेष बरामद हुए थे।



सूचना पर पहुंचे गौ रक्षा व हिन्दू दल के कार्यकर्ता और जांच करती पुलिस।

कोतवाली देवरनियां की पुलिस चौकी रिछा क्षेत्र में रिछा-जहानाबाद मार्ग पर गांव गरगईया के पास स्थित सिंघिया नदी पुल के पास शुक्रवार को चार-पांच बोरों में बंद संरक्षित पशु के अवशेष मिले। सूचना पर गौ रक्षा हिन्दू दल कार्यकर्ता और सीओ अरुण कुमार , कोतवाली देवरनियां प्रभारी आशुतोष द्विवेदी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

गौ रक्षा हिंदू दल, सनातन गौ रक्षा दल, राष्ट्रीय बजरंग दल के पदाधिकारियों ने घटना पर गहरा आक्रोश जताते हुए हंगामा किया। पदाधिकारियों ने एक सप्ताह में दो बार गौकशी की घटनाएं होने पर चौकी रिछा पुलिस की विफलता बताया और कार्रवाई की मांग की है। पदाधिकारियों ने बताया कि एक सप्ताह पूर्व रिछा के राजकीय इंटर कॉलेज के पास गौकशी हुई थी और पशु अवशेष बरामद हुए थे । अब एक सप्ताह बाद फिर पुनरावृति हुई है। दोबारा गौकशी से एक सप्ताह पूर्व 4 घटनाये पहले भी वहां हो चुकी हैं। पुलिस कार्रवाई शून्य है।

मौके पर पहुंचने वालों में गोरक्षा हिंदू दल के जिलाध्यक्ष देवेन्द्र भास्कर, रजत पंडित, भूपेन्द्र गंगवार, गौरव, अमन कुमार, त्रिवेंद्र पाठक, गौरव दिवाकर, सानू गंगवार सोनू मोदी, आशीष मौर्य, अर्जुन बाबा, बब्लू शर्मा, अमित गंगवार, कृष कुमार, प्रियांशु कुमार, प्रियांश ध्रव गंगवार शामिल रहे।

## गर्भवती के साथ मारपीट, 4 पर रिपोर्ट

**फतेहगंज पूर्वी ,अमृत विचार** मोहल्ला मुगलान पूर्वी में एक महिला के साथ गाली-गलौज व मारपीट करने पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

तहरीर में जीनस पत्नी शान मियां निवासी मोहल्ला मुगलान ने बताया कि वह अपने खेत में कार्य कर रही थी । आरोप है कि उसी दौरान सिंबु वहां आकर गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर उसने मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर परिवार के अन्य सदस्य मौके पर पहुंचे तो आरोप है कि अयान बेग , हिवाब और सलमान उर्फ भैया भी वहां आ गए और लाठी-डंडों व धारदार हथियार से हमला कर दिया।

पीड़िता के अनुसार वह छह माह की गर्भवती हैं और हमले में उसके शरीर पर चोटें आईं हैं जबकि उसके पति के पेट में चाकू लगने से गंभीर घाव हो गया है । पीड़िता ने आरोप लगाया है कि विपक्षी जान से मारने की धमकी भी दे रहे हैं, जिससे परिवार में भय व्याप्त है।

# पत्नी से विवाद के चलते युवक ने की आत्महत्या

संवाददाता, भोजपुरा

**अमृत विचार :** भोजीपुरा के लखमपुर गांव में घरेलू विवाद के चलते एक युवक ने आत्महत्या कर ली। मृतक मुकेश कुमार (28) पुत्र राम प्रसाद निवासी लखमपुर का अपनी पत्नी से विवाद चल रहा था। इसके संबंध में न्यायालय में मुकदमा भी विचाराधीन है। बताया जा रहा है कि उसकी पत्नी लगभग छह माह से अपने मायके में रह रही थी। ग्रामीणों का कहना है कि मुकेश शराब पीने का आदी था। इसी बात को लेकर भी पारिवारिक तनाव बना रहता था। शुक्रवार को मुकेश ने अपने घर के कमरे में पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। भोजीपुरा प्रभारी राजीव कुमार का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। प्रथम दृष्टया मामला पारिवारिक तनाव से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### संदिग्ध हालात में दिव्यांग की मौत

**भमोरा, अमृत विचार :** गुरुवार देर रात झोपड़ी के पास खड़ी ट्राई साइकिल पर दिव्यांग का शव पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस के साथ, फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जूटा, शव पीएम को भेजा। थाना क्षेत्र के गांव झिंझरी निवासी अरविंद (37) अविवाहित था( पिता सुरेश पाल ने बताया कि बेटा शराब पीने का आदी हो गया था। गुरुवार सुबह गांव निवासी एक युवक उसे घर से बुला कर ले गया था। इसके बाद अरविंद पूरे दिन वापस नहीं आया। देर रात गांव किनारे बनी सोमपाल की झोपड़ी के पास ट्राई साइकिल पर अरविंद का शव पड़ा हुआ था।

# नाबालिग को ब्लैकमेल करने का आरोप, रिपोर्ट

संवाददाता, बहेड़ी

**, अमृत विचार :** एक नाबालिग लड़की को लगातार ब्लैक मेल किया जा रहा है। उसकी शादी न होने देने की धमकी लड़की के भाई को भी दी जा रही है। लड़की के पिता ने इस मामले में तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

एक शख्स ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि आदलपुर निवासी रवि और उसका रिश्तेदार अक्की और नीरज उसकी नाबालिग बेटी को काफी दिनों से ब्लैकमेल कर रहे हैं। अक्की और नीरज भाई हैं, और पीलीभीत के थाना अमरिया के गांव हरहरपुर के रहने वाले हैं। आरोप है कि इनको रिश्तेदारों के ज़रिए समझाने का प्रयास किया, लेकिन यह लोग नहीं माने, और अपनी हरकतें लगातार जारी रखे हुए हैं। आरोप है कि यह उनके बेटे को भी जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## एसडीएम-सीओ ने खंगालीं शराब की दुकानें

**नवाबगंज, अमृत विचार:** शुक्रवार को एसडीएम उदित पवार और सीओ नीलेश मिश्रा ने आबकारी विभाग व पुलिस बल के साथ कस्बे में संचालित अंग्रेजी व देसी शराब की दुकानों का औचक निरीक्षण किया। मुख्य मार्ग स्थित ऑकेजन बारात घर के पास देसी शराब की दुकान पर जांच के दौरान कुछ पौव्वों के बारकोड पहले से स्कैन पाए गए।अफसरों ने सेल्समैन को कड़ी चेतावनी देते हुए भविष्य में ऐसी लापरवाही न दोहराने के निर्देश दिए।

# शिक्षक एक्स पर लिखें अपनी समस्याएं



बीआरसी अलीगंज में हुई गोष्ठी में मौजूद शिक्षक ● अमृत विचार

अलीगंज, अमृत विचार :

बीआरसी अलीगंज पर प्राथमिक शिक्षक संघ इकाई मझगवां की पूर्व निर्धारित एजेंडे के अनुसार समीक्षा बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शिव स्वरूप शर्मा ने की।

संगठन में आईटी सेल के प्रभारी शशि भूषण ने बताया कि वर्तमान में अपनी बात को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर रखने के लिए एक्स (पूर्व में ट्विटर) अकाउंट ही सबसे सशक्त माध्यम है.और उसको चलाने के तरीके के बारे में शिक्षकों को जानकारी दी और क्या कहना क्या नहीं कहना चाहिए इसके बारे में जानकारी भी दी। जिला अध्यक्ष शिव स्वरूप शर्मा ने संगठन द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन बनवारी लाल राठौर ने किया। बैठक में रोहित सिंह प्रमोद कुमार शर्मा, आलोक कुमार, हरिपाल गंगवार, जैनेंद्र भारद्वाज, निशिकांत शर्मा,संतोष कुमार शर्मा,अर्चना सिंह, बबीता पाल,नरेंद्र सिंह चौहान, भगवान शरण पांडे, राजेश गिरि, अर्चना यादव, ,जितेंद्र प्रताप सिंह, नूरुल हसन, सुधेंद्र सिंह,दुर्गेश यादव, कुवंर पाल सिंह , शिव ओम यादव, , अनिल शुक्ला, जितेंद्र सिंह, महनाज परवीन,मुकेश सिंह,ज्योतिबाला, खुशबू राठोर अखिलेश कुमार गुप्ता आदि रहे।

## बाजार गई किशोरी लापता, रिपोर्ट दर्ज

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** मां के साथ बाजार गई किशोरी अचानक गायब हो गई। पिता ने गांव के ही युवक के खिलाफ बहला फुसला कर भगा ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। इलाके के एक गांव की किशोरी गुरुवार को मां के साथ बाजार गई थी। मां दुकान खरीदारी करने लगी। इतने में किशोरी भीड़ में अचानक गायब हो गई।

## न्यूज डायरी

### हिन्दू जागरण एवं स्वाभिमान सुरक्षा समिति ने सौंपा ज्ञापन



**आंवला अमृत विचार :** होली पर शांतिपूर्ण, स्वच्छ और सुरक्षित बनाने के लिए ''हिन्दू जागरण एवं स्वाभिमान सुरक्षा समिति'' के पदाधिकारियों ने एसडीएम बिदुषी सिंह को ज्ञापन सौंपकर प्रमुख समस्याओं के त्वरित निराकरण की मांग की है। समिति ने नगर पालिका द्वारा जगह-जगह डाले गए कूड़े के ढेरों से फैल रही गंदगी और बीमारी के खतरे को देखते हुए विशेष सफाई अभियान चलाने ,बाजार में बिकने वाले हानिकारक केमिकल युक्त रंगों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की गई है ।रामनगर रोड पर अब्दुल कलाम पार्क से रोडवेज स्टैंड तक होने वाले अवैध अतिक्रमण और अनियंत्रित लोडिंग (सरिया, सीमेंट आदि) को हटाने की मांग की गई है। ज्ञापन सौंपने वालों में जयदीप पाराशरी, अवनेश शंखधार , राकेश सिंह , हरीश मौर्य, रामवीर प्रजापति , एडवोकेट मनोज सिंह, राधाकृष्ण माहेश्वरी , अश्वनी भदौरिया, इन्द्रभान सिंह, रामदुलार मौर्य सहित समिति के कई अन्य पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे।

### अभाविप ने मनाया होली मिलन समारोह



**आंवला, अमृत विचार :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने मनाया होली मिलन समारोह कार्यक्रम में आँवला नगर के संभ्रांत गणमान्य मौजूद रहे । वक्ताओं ने होली को मिलजुल कर मनाने की बात कही। भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष वीर सिंह पाल ने कहा कि विद्यार्थी परिषद मेरा परिवार है। कहा संगठन को युवा ही नित ऊंचाइयों को पहुंचाएगा।इस मौके पर विभाग संगठन मंत्री विकास गोला, निहाल सिंह,जय गोविंद सिंह, प्रभाकर शर्मा, ऋषभ शर्मा, अरुण पाल, मनोज यादव, ब्लाक प्रमुख वेद प्रकाश यादव, सुमित राजपूत, ज्ञान बाबू, केपी राजपूत, आकाश राजपूत, आशीष राजकमल चौहान आदि रहे।

### गुलाल उड़ाते निकाली निशान यात्रा



**फतेहगंजपूर्वी, अमृत विचार :** फाल्गुन माह की एकादशी पर नगर के श्रद्धालु रंग-गुलाल उड़ाते हुए भव्य निशान यात्रा लेकर टिसुआ स्थित खाटू नरेश के दरबार पहुंचे। यात्रा के दौरान पूरा वातावरण "हारे के सहारे, बाबा श्याम हमारे" के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। श्रद्धालु शुक्रवार सुबह हाथों में श्याम ध्वजा लेकर मंदिर के लिए रवाना हुए। पीले वस्त्र धारण किए भक्त डीजे की भक्तिमय धुनों पर थिरकते हुए आगे बढ़ते रहे। जगह-जगह पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया। टिसुआ पहुंचकर भक्तों ने बाबा श्याम के चरणों में अर्जी लगाई और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर में भंडारे का आयोजन भी किया गया। इस दौरान सुनील शुक्ला,उत्तम शंखधार, राजेश अग्रवाल उर्फ राजू, डा यशपाल सिंह रामू, पवन राज मिश्रा, सुधीर सिंह उर्फ सनी, आदि लोग मौजूद रहे ।

### एशियन लॉ कॉलेज में रंगों संग झूमे छात्र-छात्राएं



**नवाबगंज,अमृत विचार :** गंगापुर गांव स्थित एशियन लॉ कॉलेज में शुक्रवार को होली का त्योहार हर्षोल्लास और उमंग के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने कॉलेज प्रबंधन व स्टाफ के साथ मिलकर रंगों की बौछार के बीच डीजे की धुन पर थिरकते हुए पर्व का आनंद लिया। एक-दूसरे को गुलाल लगाकर सभी ने होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। इस अवसर पर नंदकिशोर, सचिन, रेशम, विशाल, प्रिंस, निशांत, रीना, मीरा, बादशाह समेत अन्य लोग मौजूद रहे


अमृत विचार
MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005



बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ
- 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
- बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
- आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
- कैशलेस ईलाज

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें :-
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा। TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध
IOL Master 700 द्वारा लेंस का नम्बर
लेजर द्वारा आंख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध
बी स्कैन द्वारा पर्दे की जांच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
8077344353
समय : प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
100000 से अधिक आंखों के आपरेशन का अनुभव



डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CARARACT REFRATIVE & GLAUCOMA SURGERON
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री आपरेशन की सुविधा
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

स्वास्थ्य जागरूकता अभियान
निः शुल्क परामर्श
कैम्प में समस्त ब्लड जाँचें, ई.सी.जी., एक्स-रे 50% के छूट पर किये जायेंगे।
रजिस्ट्रेशन शुल्क 20/-
महीने के प्रत्येक रविवार को
समय : सुबह 10 से 5 बजे तक
प्रेमलोक हॉस्पिटल नरियावल अड्डा, शाहजहाँपुर रोड, बरेली।
डॉ. दीपक माहेश्वरी
MBBS., MD, Consultant Physucuan & Critical Care Specialist
ब्लड प्रेशर, हृदय रोग श्वांस रोग, गम्भीर रोग विशेषज्ञ
9084307201, 9412244430
डॉ. नितिन अग्रवाल हृदय रोग विशेषज्ञ मो.9457833777

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा माइग्रेशन सर्टिफिकेट वर्ष 2023 व अनुक्रमांक 210011141053 जो महात्मा ज्योतिबा विश्वविद्यालय से जारी हुआ था। वास्तव में कहीं खो गया है। काफी तलाशने के बाद अभी तक नहीं मिला। **शेरसिंह पुत्र श्री लोकी राम ग्राम रम्पुरा जाटान मजरा सिमरिया मीरगंज, बरेली**

**सूचना**

मैंने अपने भाई दीपक उर्फ जगदीश गुप्ता उसकी पत्नी किरन गुप्ता, भाई राजा गुप्ता, आकाश गुप्ता, बहनोई ब्रजेश गुप्ता व बहन लक्ष्मी गुप्ता के दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर दिया है। उपरोक्त सभी लोग अपने कृत्यों, लेन-देन के स्वयं जिम्मेदार होंगे, मेरा वास्ता नहीं होगा। **राखी गुप्ता पत्नी रामनिवास गुप्ता पुत्री स्वर्गीय होरीलाल निवासी मोहल्ला ब्रह्मनान थाना व कस्बा शेरगढ़, बरेली ।**

**सूचना**

मैं अपनी पुत्रवधू मनता देवी पत्नी डवेश्वर तथा पौत्र राजू व अंकित पुत्रगण डवेश्वर के गलत आचरण एवं व्यवहार के चलते उन्हें अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। उनके किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। **करन पुत्र झम्मन ग्राम कलीनगला पो. सबदलपुर फरीदपुर (बरेली)**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि अनुराधा सिहं पत्नी JC-880397K Rank NB/SUB Name Raj Pal Singh के सर्विस रिकार्ड में मेरी जन्मतिथि भूलवश 12.11.1983 दर्ज हो गई है जबकि मेरी वास्तविक जन्मतिथि 15.11.1983 है। अनुराधा सिंह पत्नी राज पाल सिंह निवासी चांदपुर चुबकिया तह. बहेड़ी जिला बरेली- 243203

**आवश्यकता है**

प्राचार्य / असि. प्रो. एलएल.बी. व बी.ए. एलएल.बी. विधि, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, अंग्रेजी व इतिहास विषयों के लिए। इच्छुक अभ्यर्थी 7 दिन के अन्दर अपने सम्पूर्ण शैक्षिक अभिलेखों सहित बायोडाटा भेजें।
योग्यता व वेतन UGC मानकानुसार । E-mail: lbslaw50@gmail.com
एल.वी. एस. कॉलेज ऑफ लॉ नवाबगंज (बरेली) मो. नं. 9412360790

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# फुटओवरब्रिज है नहीं, पटरी बना रास्ता, जान जोखिम में डाल रहे यात्री

- पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मंडल मुख्यालय से 44 किमी दूर बहेड़ी स्टेशन का हाल
- दंडनीय अपराध होने के बावजूद ट्रैक पार करना बना है यात्रियों की मजबूरी

संवाददाता, बहेड़ी


बहेड़ी स्टेशन पर प्लेटफार्म के नीचा होने पर यहां ट्रेन से उतरना भी खतरे से कम नहीं है।


ट्रैक पार करना दंडनीय अपराध है लेकिन यहां हर रोज अपराध करने को मजबूर हैं यात्री।


बहेड़ी में आरपीएफ पोस्ट के सामने ही सुरक्षा की अनदेखी की जा रही।

**अमृत विचार** : बहेड़ी स्टेशन पर फुटओवरब्रिज न होने के कारण यात्री रेल ट्रैक पार कर बाहर निकलने या ट्रेन पकड़ने को मजबूर हैं। रोजाना महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे सामान के साथ पटरियां पार करते दिखाई देते हैं। रेलवे नियमों के अनुसार ट्रैक पार करना दंडनीय अपराध है और इसके लिए जुर्माने का प्रावधान है। यह हाल किसी सुदूर रोड साइड स्टेशन का नहीं बल्कि पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल मुख्यालय से लगभग 44 किमी दूर बहेड़ी रेलवे स्टेशन का है। जहां सुरक्षा और संरक्षा से हर दूसरे दिन खिलवाड़ होता दिखता है।

पूर्वोत्तर रेलवे के कई स्टेशनों पर प्लेटफार्म एक को तो ऊंचा कर दिया गया है लेकिन तमाम स्टेशन ऐसे हैं जहां अब भी प्लेटफार्म नीचा ही है। बहेड़ी स्टेशन भी उनमें से एक है। यहां यात्री पटरी को पैदल मार्ग की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं। ट्रेन के अचानक आने का खतरा हर समय बना रहता है, जिससे किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता। कई बार ट्रेन की सीटी सुनते ही अफरा-तफरी मच जाती है। प्लेटफार्म से नीचे उतरना और फिर प्लेटफार्म पर चढ़ना महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों के लिए कितना कष्टकारी है, यह एहसास भी रेल अफसरों को नहीं। तभी तो पांच हज़ार टिकट हर रोज बिक्री करने वाले इस रेलवे स्टेशन पर साज-सज्जा का काम तो हो रहा है, लेकिन यात्रियों की सुरक्षा पर ध्यान नहीं। फुट ओवर ब्रिज या स्वचालित सीढ़ियों का प्रस्ताव भी नहीं है। बरेली और लालकुआं की तरफ जाने वाली ट्रेनों का क्रॉस होने पर अमृत विचार संवाददाता ने यात्रियों की तस्वीरें अपने कैमरे में कैद कीं।

यात्रियों का कहना है कि सुरक्षित पार जाने की कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं है। ऐसे में वे जोखिम उठाने को मजबूर हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जल्द फुटओवरब्रिज या अंडरपास निर्माण की मांग की है, ताकि यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। फिलहाल स्टेशन पर हर दिन खतरे के साये में सफर जारी है। पिछले दिनों केन्द्रीय मंत्री जितिन प्रसाद के सामने भी यह मुद्दा उठाया गया तो उन्होंने भी यहां पर फुटओवर ब्रिज की जरुरत बताई थी।

## न्यूज ब्रीफ

### गंगापुर चौराहे के पास मृत अवस्था में मिला अधेड़, शिनाख्त नहीं

**बरेली, अमृत विचार** : बारादरी इंस्पेक्टर धनंजय पांडेय ने बताया कि शुक्रवार को गंगापुर चौराहे पर स्थित बंद चावल मिल के पास खुले बरामदे में अधेड़ (55) मृत अवस्था में पड़ा मिला। शुरुआती जांच में पता चला मृतक नशे का आदी था। आसपास के लोगों ने बताया कि वह कई दिनों से यहीं घूमता रहता था और भीख मांग कर समय बिताता था। मौके पर फील्ड यूनिट बुलाकर शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। देर शाम तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी है।

### शादी समारोह से मोटरसाइकिल चोरी

**भोजीपुरा, अमृत विचार** : क्षेत्र के पीपलसाना चौधरी निवासी हरीश कुमार की बुलेट मोटरसाइकिल शादी समारोह के दौरान चोरी हो गई। घटना 24 फरवरी की है। हरीश कुमार अपने भांजे विकास कुमार की हल्दी व मेंहदी की रस्म में शामिल होने के लिए बड़ा बाईपासस्थित एक मैरिज हॉल में मोटरसाइकिल से गये थे। रात घर लौटने के लिए बाहर पहुंचे तो मोटरसाइकिल वहां से गायब थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### गोष्ठी में बसंत कालीन गन्ना बुवाई पर दिया जोर

**क्योलडिया, अमृत विचार** : ग्राम पंचायत कटैया बल्देव सिंह में द्वारकेश चीनी मिल फरीदपुर और गन्ना विकास परिषद नवाबगंज द्वारा वृहद गन्ना कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें सहायक महाप्रबंधक गन्ना उप प्रबंधक गन्ना, सहायक अधिकारी गन्ना, ज्येष्ठ गन्ना निरिक्षक उपस्थित रहे जिसमें उपस्थित कृषकों को गन्ना बुवाई संबंधी तकनीकी जानकारियां दी गई जिसमें स्वीकृत प्रजातियां ट्रेंच विधि से गन्ना बुवाई, संतुलित उर्वरक का प्रयोग एवं रोग/ कीट प्रबंधन तथा पेड़ीप्रबंधन की जानकारी दी गई चीनी मिल तथा विभाग में उपलब्ध यंत्रों के प्रयोग कैसे करना है। इसके बारे में किसानों को बताया गया। गहरी जुताई का गन्ना बुवाई में खास महत्व की जानकारी भी दी गई।

### खेत में पानी लगाने गए युवक की सर्पदंश से मौत

**मऊचन्दपुर, अमृत विचार** : थाना क्षेत्र के चंपतपुर गांव में किसान गुड्डू उम्र 40 वर्ष अपने खेत में पानी लगाने गया था इसी दौरान उसे सांप ने काट लिया । सांप के काटने से उसकी मृत्यु हो गई । गुड्डू ठाकुर ग्राम चंपतपुर के रहने वाले हैं । वह खेती किसानी में ट्रैक्टर चला कर घर गृहस्थी चला रहे थे ।

### चंद्रशेखर आजाद का बलिदान हमेशा प्रासंगिक रहेगा

**बरेली, अमृत विचार** : केसर इंटर कॉलेज बहेड़ी में महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि मनाई गई। बोर्ड परीक्षा के बाद केंद्र व्यवस्थापक प्रधानाचार्य, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, बाह्य केंद्र व्यवस्थापक, शिक्षक, कर्मचारी और विद्यार्थी सभी ने पुष्पांजलि देकर उन्हें नमन किया। राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त प्रधानाचार्य डॉ. रवि प्रकाश शर्मा ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद का देश के लिए बलिदान हमेशा प्रासंगिक रहेगा और युवा उनके आदर्शों से राष्ट्र भक्ति और आत्मविश्वास का संकल्प लें। स्टेटिक मजिस्ट्रेट अभिनव श्रीवास्तव, एसीएस पूनम सिंह, उप प्रधानाचार्य चंद्रभानु सिंह, प्रिय इंद्रजीत सिंह बग्गा आदि मौजूद रहे।

# पुलिस ने पूर्व चेयरमैन पति नसीम की खोली हिस्ट्री शीट

## पुलिस की अचानक हुई कार्रवाई से बहेड़ी में चर्चाओं का बाजार गर्म

संवाददाता, बहेड़ी

- सियासी करियर को लेकर भी होने लगीं चर्चाएं

**अमृत विचार** :पूर्व चेयरमैन फौजुल के पति नसीम अहमद को पुलिस ने हिस्ट्री शीटर करार दिया है। पुलिस ने नसीम अहमद की बी श्रेणी की हिस्ट्रीशीट खोली है। पुलिस ने बकैनिया काले खां निवासी सुमित कुमार और भुड़िया कॉलोनी निवासी धनुष यादव उर्फ मुर्गा को भी बी श्रेणी का हिस्ट्रीशीटर घोषित किया है।

चेयरमैन पति नसीम अहमद के खिलाफ पुलिस की इस कार्रवाई को लेकर तरह -तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। यह कार्रवाई उनके राजनीतिक भविष्य को लेकर भी चर्चाओं में आ गई है। नसीम अहमद वन विभाग में सांख्याकि अधिकारी के पद पर तैनात थे। उन्होंने नौकरी से वीआरएस लेकर 2017 में बीएसपी के टिकट से बहेड़ी विधान सभा का चुनाव लड़ा था, और करीब 66 हज़ार वोट लेकर दूसरे नम्बर पर रहे थे।सर्विस छोड़कर राजनीति में नसीम अहमद की इस इंट्री ने सियासी गालियारों में तहलका मचा दिया था। इसके बाद हुए नगर पालिका के चुनाव में उन्होंने अपनी पत्नी फौ ज़ुल को चुनाव लड़ाया, और वह चुनाव जीतकर चेयरमैन बनी थीं।

2024 के विधान सभा चुनाव से पहले नसीम अहमद समाजवादी पार्टी में शामिल हुए थे, और विधान सभा का टिकट मांग रहे थे। टिकट के वह प्रबल दावेदार भी बन गए थे, लेकिन उनको पार्टी से टिकट नहीं मिला। टिकट न मिलने पर उन्होंने विधानसभा का चुनाव नहीं लड़ा था। पिछले दिनों उनके खिलाफ थाना देवरनिया में उनके खिलाफ धोखाधड़ी का एक मुकदमा दर्ज हुआ था, और शुक्रवार की रात अचानक उनकी हिस्ट्रीशीट खुलने की खबर से तमाम तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं।

पुलिस की इस कार्रवाई किन हालात में हुई, इस बात को लेकर तरह -तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। पुलिस की यह कार्रवाई उनके सियासी कैरियर पर क्या असर डालेगी, इस बात को लेकर भी चर्चा हो रही है। इस मामले में चेयरमैन पति नसीम अहमद से संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन उनका फोन नहीं उठा।

# किसानों को अधिक पैदावार के लिए दिए टिप्स

**भोजीपुरा, अमृत विचार** : संभागीय कृषि परीक्षण एवं प्रर्दशन केंद्र बिलवा पर दो दिवसीय किसान मेला/कृषि संगोष्ठी का शुक्रवार को सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार व नबावगंज विधायक एमपी आर्या ने शुभारंभ किया।

सांसद ने कहा कि केंद्र सरकार ने किसानों को सबसे ज्यादा बजट कृषि व्यवस्था को सुधारने के लिए दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी किसानों को आर्थिक रूप से संपन्न बनाने के लिए बेहद गंभीर हैं। विधायक डा एमपी आर्या ने कहा कि बेहतर उपज के लिए खेत की मिट्टी की जांच करवाना आवश्यक है। जांच से पता चल जाता है कि खेत किन किन तत्वों की जरूरत है। डा आरएल सागर ने कहा किसान बेहतर उपज के लिए स्वस्थ और अधिक उपज वाली प्रजाति के बीज का इस्तेमाल करें। तभी बेहतर उपज प्राप्त कर सकते हैं। संयुक्त कृषि निदेशक दुर्विजय सिंह ने किसानों वैज्ञानिकों द्वारा दी गई जानकारी से खेती करने की सलाह दी।

# छात्रों को ड्रोन लैब से मिलेगी उड़ान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- आरएन टैगोर इंटर कॉलेज में चार आधुनिक सुविधाओं का शुभारंभ
- मेजर जनरल आईएस गिल ने इन सुविधाओं का किया उद्घाटन

**अमृत विचार** : कैंट क्षेत्र स्थित आरएन टैगोर इंटर कॉलेज को अब नए शैक्षणिक सत्र से पहले ही हाईटेक कर दिया गया है। जहां पर विद्यार्थियों को एआई-रोबोटिक्स और ड्रोन लैब से उड़ान मिलेगी। शुक्रवार को मेजर जनरल आईएस गिल ने कैंट बोर्ड की सीईओ डॉ. तनु जैन की मौजूदगी में कलाकृति स्टूडियो, नवचेतना लाइब्रेरी, एआई एंड रोबोटिक्स लैब और एआई ड्रोन लैब का शुभारंभ हुआ।

इस मौके पर पूरा परिसर फूलों से सजाया गया था। मेजर जनरल आईएस गिल ने कहा कि भविष्य उन्हीं का है जो तकनीक से दोस्ती करेंगे। एआई और रोबोटिक्स जैसे संसाधन बच्चों को सिर्फ पढ़ाएंगे नहीं, बल्कि उन्हें वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करेंगे। ड्रोन तकनीक, ऑटोमेशन और कृत्रिम बुद्धिमत्ता आने वाले समय की सबसे बड़ी ताकत हैं और अब जिले के छात्र भी इस दौड़ में पीछे नहीं रहेंगे।


कार्यक्रम में मौजूद सेना के अफसर व सीईओ डॉ. तनु जैन। ● अमृत विचार

सीईओ डॉ. तनु जैन ने बताया कि कलाकृति स्टूडियो बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा को नया मंच देगा। नवचेतना लाइब्रेरी अध्ययन का आधुनिक और शांत वातावरण उपलब्ध कराएगी। एआई एंड रोबोटिक्स लैब में छात्र रोबोट बनाना और कोडिंग सीखेंगे। एआई ड्रोन लैब के जरिए उन्हें ड्रोन टेक्नोलॉजी और उसके प्रायोगिक उपयोग की जानकारी मिलेगी। इस दौरान ब्रिगेडियर गगनदीप सिंह और छावनी बोर्ड के नामित सदस्य डॉ. वैभव जायसवाल सहित कई अधिकारी, शिक्षक और अभिभावक मौजूद रहे। अधिकारियों ने कहा कि सैन्य अनुशासन और आधुनिक शिक्षा का यह संगम छात्रों को आत्मविश्वासी और सक्षम बनाएगा।

# डीडीओ ने किया निरीक्षण अधूरे कार्यों पर नाराजगी

संवाददाता,शेरगढ़

**अमृत विचार** : जिला विकास अधिकारी दिनेश कुमार यादव ने शुक्रवार को विकासखंड शेरगढ़ कार्यालय का औचक निरीक्षण कर विकास कार्यों की प्रगति परखी। ब्लॉक परिसर में निर्माणाधीन प्रधानमंत्री मॉडल आवास अधूरा मिलने पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाई और कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। परिसर में रखे फ्रीजर में पानी की टोटी न होने पर दो दिन के भीतर व्यवस्था दुरुस्त करने को कहा।

डीडीओ ने पात्र गृहस्थी राशन कार्ड धारकों को स्वयं सहायता समूहों से जोड़ने की प्रगति जानी और जीरो पावर्टी अभियान के तहत अति गरीब परिवारों को भी समूहों में शामिल करने पर जोर दिया। सीआईएफ की पत्रावली तैयार कर मांग पत्र शीघ्र जिले को भेजने के निर्देश दिए, ताकि समूहों को समय पर धनराशि मिल सके। नए समूहों को आजीविका गतिविधियों से जोड़ने और कार्य गुणवत्ता सुधारने को कहा। आजीविका मिशन कार्यालय की व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं।


पीएम आवास का निरीक्षण करते अफसर

इसके बाद उन्होंने ग्राम पंचायत तिगरी में पंचायत सचिवालय व आरआरसी सेंटर का निरीक्षण किया। आरआरसी सेंटर में गंदगी मिलने पर साफ-सफाई और सचिवालय की रंगाई-पुताई कराने के निर्देश दिए। चौपाल में ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनीं। निरीक्षण के दौरान निरीक्षण के दौरान बीडीओ इंद्रसेन सरोज,एडीओ पंचायत राजीव शर्मा सहित खंड स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

# पीएम आवास के 12479 आवेदनों की जांच रिपोर्ट मांगी

संवाददाता, मीरगंज

**अमृत विचार**: प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) एवं पीएम स्वनिधि योजना की समीक्षा बैठक में पीएम आवास के आवेदनों की समीक्षा की गई और पीएम आवास के लिए आए 12419 आवेदनों की जांच रिपोर्ट एक सप्ताह में देने के निर्देश दिये गये। आवेदनों की जांच के लिए नायब तहसीलदार की अध्यक्षता में राजस्व निरीक्षक व चार अन्य लेखपालों एवं दो नगर पंचायत के कर्मचारियों की टीम बनाकर सत्यापन के लिए निर्देश एसडीएम ने दिये हैं।

एसडीएम आलोक कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत नगर पंचायत फतेहगंज पश्चिमी के 1432, मीरगंज - 2320 शाही - 1836 तथा शीशगढ़ - 3641 आवेदनों के सापेक्ष फतेहगंज पश्चिमी में बचे हुए 609, मीरगंज में 288, शाही में 767 तथा शीशगढ़ में 1526 आवेदनों का एक सप्ताह के अंदर जांच कर रिपोर्ट देने को कहा गया है। प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना के अंतर्गत स्ट्रीट वेंडर्स को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अधिक से अधिक लोगों का आवेदन कराने को लेकर अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में आशीष कुमार सिंह ,अरविंद कुमार,प्रियंका दुर्गेश सिंह , पुष्पेंद्र सिंह, सहित राजस्व निरीक्षक तथा शहरी क्षेत्र के लेखपाल मौजूद रहे।

### परीक्षा देने गए छात्र की बाइक चोरी

**बहेड़ी** : शहर के एक छात्र की शुक्रवार को देवरनिया के इंटर कॉलेज से बाइक चोरी हो गई। छात्र परीक्षा देने देवरनिया कॉलेज गया था। मोहल्ला मोहम्मदपुर निवासी छात्र शब्बीर अहमद सुबह परीक्षा देने देवरनिया राजकीय इंटर कॉलेज परीक्षा देने गया था। उसने अपनी बजाज मोटर साइकिल खड़ी कर परीक्षा देने गया। परीक्षा देने के बाद जब वह वापस आया, तो बाइक वहाँ नहीं थी। छात्र ने देवरनिया पुलिस को तहरीर दी है।

## न्यूज डायरी

### युवाओं को विज्ञान और अनुसंधान के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया



**बरेली, अमृत विचार** : एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय के अनुसंधान निदेशालय रुहेलखंड इन्क्यूबेशन फाउंडेशन और बृज विज्ञान भारती की ओर से शुक्रवार को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि प्रधान वैज्ञानिक डॉ. प्रवीण सिंह ने नोबेल पुरस्कार विजेता वैज्ञानिक सीवी रमन के वैज्ञानिक अनुसंधान एवं खोजों के महत्व से विद्यार्थियों व शिक्षकों को अवगत कराया। युवाओं को विज्ञान, अनुसंधान एवं नवाचार के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विज्ञान भारती के क्षेत्र संगठन मंत्री आशुतोष ने कहा कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के माध्यम से भारत को आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। इस दौरान विभागीय कार्यकारिणी की घोषणा की गई। इसमें प्रवीण सिंह को संभाग संयोजक, डॉ. रवि प्रकाश सिंह को विद्यार्थी विज्ञान मंथन राज्य समन्वयक, डॉ. सौरभ अग्रवाल को महानगर अध्यक्ष, डॉ. नवीन कुमार को महानगर सचिव, डॉ. जसपाल सिंह को नीड़ मिशन महानगर संयोजक, आलोक को विभा–वाणी महानगर संयोजक और रॉबिन कुमार को टेक फॉर सेवा महानगर संयोजक बनाया गया। वरिष्ठ आयुर्वेदाचार्य डॉ. योगेश, डॉ. विकास आदि उपस्थित रहे।



### बरेली कॉलेज को केंद्रीय विवि. बनाने की मांग

**बरेली, अमृत विचार** : बरेली कॉलेज के भौतिकी विभाग में शुक्रवार को शिक्षक संघ कार्यकारिणी की बैठक हुई। जिसमें तय किया कि संघ सभी सांसदों और विधायकों से मिलकर कॉलेज को केंद्रीय विश्वविद्यालय बनाने के लिए शासन स्तर से मदद के लिए कहेगा। इसके लिए होली के बाद संघ की ओर से रैली का आयोजन किया जाएगा। साथ ही डीएम को ज्ञापन दिया जाएगा। रूटा महासचिव प्रो. स्वदेश सिंह, शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रो. गजेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष प्रो. ओमकार, सह–सचिव प्रो. मोनिका अग्रवाल, प्रो. अविनाश अग्रवाल, प्रो. दयाराम, डॉ. गजेंद्र दत्त शर्मा आदि मौजूद रहें।



### प्रदर्शनी में 50 कलाकारों की 70 कलाकृतियां प्रदर्शित

**बरेली, अमृत विचार** : उत्तर प्रदेश राज्य ललित कला अकादमी एवं कन्या महाविद्यालय आर्य समाज के संयुक्त तत्वाधान में विश्व महिला दिवस से पूर्व प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें बरेली, मुरादाबाद, रामपुर, पीलीभीत, शाहजहांपुर आदि जिलों के करीब 50 महिला चित्रकारों की 70 कलाकृतियों को प्रदर्शित किया गया। चित्रकार संघ के सचिव डॉ अजय रघुवंशी ने डीडीपुरम स्थित अर्बन कोऑपरेटिव बैंक के सभागार में आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। सामाजिक समस्याओं को उजागर करती कृतियां लोगों को बहुत पसंद आईं। चित्रकार अलका श्रीवास्तव, किरण प्रजापति, अर्चना सक्सेना, डॉ. अनुराधा आर्य, सीमा मेहरा, डॉ. शशि राठी, डॉ. स्वाति गुप्ता की सोच एवं रंग संयोजन प्रदर्शनी का केंद्र बिंदु है। विधि रस्तोगी, ज्योति रानी ,रचना बागची, सुमन वर्मा, पुष्पा गौतम, विवा शर्मा, पुष्पा गौतम के बनाए प्राकृतिक चित्र प्रदर्शनी में चार चांद लगा रहे हैं।

### ज्योति कॉलेज में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का समापन




**बरेली, अमृत विचार** : ज्योति कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट साइंस एंड टेक्नालॉजी में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का समापन हो गया। मुख्य अतिथि रुहेलखंड विश्वविद्यालय की आईक्यूएसी समन्वयक प्रोफेसर सुमित्रा कुकरेती ने विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान बिल–2025 के संदर्भ में कहा कि इसका उद्देश्य उच्च शिक्षा व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, उत्तरदायी एवं वैश्विक प्रतिस्पर्धा के अनुरूप सुदृढ़ बनाना है। एआई के बढ़ते प्रभाव पर चर्चा करते हुए स्पष्ट किया कि तकनीक मानव जीवन को सरल अवश्य बना सकती है, लेकिन मानवीय संवेदनाओं एवं मूल्यों का विकास केवल शिक्षा और संस्कारों से ही संभव है। विशिष्ट अतिथि बिजनौर के विश्वविद्यालय के डीन प्रो. रंगनाथ एमजी ने बताया कि नेशनल एजूकेशन पॉलिसी के अंतर्गत कौशल–आधारित एवं रोजगारोन्मुख शिक्षा पर विशेष बल दिया जा रहा है। औद्योगिक आवश्यकताओं के अनुरूप पाठ्यक्रम में परिवर्तन किए गये हैं। तकनीकि सत्र के विशेषज्ञ डॉ. वीर विक्रम सहदेव सिंह ने भी विचार रखे। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ प्रो. सुमित्रा कुकरेती, डॉ. रंगनाथ एमजी, महाविद्यालय के चेयरमैन डॉ. शैलेन्द्र सिंह, प्रबंध निदेशक डीडी शर्मा, उप निदेशक अखिलेंद्र सिंह ने किया। प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। प्राचार्य एवं कन्वीनर डॉ. अनीता चौहान, डॉ. ऋषभ कुमार, दीपिका धूलिया, पूर्णिमा सिंह चौहान आदि मौजूद रहीं।

# केसर मिल की ऑफिसर्स कॉलोनी में हंगामा, रिपोर्ट

संवाददाता, बहेड़ी

**अमृत विचार** : केसर मिल की ऑफिसर्स कॉलोनी में रात एक शख्स ने खूब हंगामा काटा। गन्ना विभाग के एक अफसर के घर के सामने हुए शोर शराबे पर कॉलोनी के तमाम लोग बाहर निकल आए। यह शख्स सभी को धमकियाँ देता रहा। मिल के सिक्योरिटी वालों के साथ दूसरे अधिकारी -कर्मचारी उसको समझाने की कोशिश करते रहे, लेकिन वह हंगामा काटता रहा।पुलिस को सूचना दी गई।बताते हैं कि इसी बीच गुस्साए लोगों ने उस पर हाथ साफ कर लिए। पुलिस के आने के बाद वह वहाँ से निकल गया। केसर के सिक्योरिटी के सीनियर मैनेजर की तरफ से पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

जानकारी के मुताबिक डंडिया फार्म निवासी विनीत सिंह ने रात केसर मिल में पहुंचकर खूब हंगामा काटा। पहले भी दो बार मिल में जाकर यह हंगामा काट चुके हैं, और तब इन्होंने मिल बंद भी करा दी थी। चूँकि मिल का पेराई सीजन बंद हो चुका है, इसलिए यह हंगामा काटते हुए ऑफिसर्स कॉलोनी पहुंच गए, और मिल के एवीपी (केन )सुभाष तोमर के आवास के सामने जाकर हंगामा करने लगा।

पुलिस को तहरीर में आरोप है कि शराब के नशे में विनीत सिंह ने गेट पर चौकीदार की गुमटी में रखे रजिस्टर और फोन नीचे फेंक दिए। इसके बाद ऑफिसर्स कॉलोनी में पहुंचकर गाली गलौच किया, और लोगों को जान से मारने की धमकी दी।आरोप है कि उसने गन्ना अफसर का दरवाजा तोड़ने का प्रयास किया। तहरीर में कहा है कि उसकी हरकत से कॉलोनी में भय का माहौल है। बताते हैं पुलिस के आने के बाद वह अपनी गाड़ी लेकर चला गया।

# ब्रह्मपुरी रामलीला : सीता जन्म का मंचन

- विश्वामित्र आगमन और अहिल्या उद्धार का आज होगा मंचन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : ब्रह्मपुरी रामलीला में शुक्रवार को सीता जन्म का मंचन किया गया। गुरु मुनेश्वर दास ने काव्य रूप में माता सीता के जन्म प्रसंग का विस्तृत वर्णन किया। ढोल-नगाड़ों की गूंज और फूलों की होली ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

कथा व्यास मुनेश्वर दास ने बताया कि माता सीता को देवी लक्ष्मी का अवतार माना जाता है, जिनका विवाह भगवान विष्णु के अवतार श्रीराम से हुआ था। वाल्मीकि रामायण के प्रसंग का उल्लेख करते हुए बताया गया कि मिथिला में पड़े भीषण अकाल से व्यथित राजा जनक को एक ऋषि ने यज्ञ कराने और स्वयं हल चलाने का परामर्श दिया। यज्ञ के उपरांत जब राजा जनक भूमि जोत रहे थे, तभी उन्हें धरती से सोने की संदूक में एक दिव्य कन्या प्राप्त हुई। संतानहीन राजा जनक ने उस कन्या को सीता नाम देकर अपनी पुत्री के रूप में स्वीकार किया। रामलीला अध्यक्ष राजू मिश्रा ने स्वरूपों के साथ फूलों की होली खेली। क्षेत्रवासियों ने भी पुष्पवर्षा कर उत्सव मनाया और प्रसाद ग्रहण किया। प्रवक्ता विशाल मेहरोत्रा ने बताया कि शनिवार को लीला में विश्वामित्र के आगमन और अहिल्या उद्धार का मंचन होगा। कोषाध्यक्ष राज कुमार गुप्ता, अखिलेश अग्रवाल, विवेक शर्मा, नवीन शर्मा, नीरज रस्तोगी, संजू गुप्ता, बॉबी रस्तोगी, अमित वर्मा, दीपेंद्र वर्मा, पंकज मिश्रा, धीरज दीक्षित आदि मौजूद रहे।


ब्रह्मपुरी में शुक्रवार को रामलीला में मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

**न्यूज ब्रीफ**

### पासपोर्ट कार्यालय को उड़ाने की धमकी

**अहमदाबाद।** सूरत स्थित क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय को शुक्रवार को बम से उड़ाने की धमकी मिली जो बाद में झूठी निकली, लेकिन ई-मेल गलती से राज्य भर के डाकघरों में भेज दिया गया, जिससे दहशत फैल गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। सहायक पुलिस आयुक्त वी आर मल्होत्रा ने बताया कि सूरत पासपोर्ट कार्यालय को सुबह 5.55 बजे एक ई-मेल प्राप्त हुआ जिसमें धमकी दी गई कि दोपहर 12.10 बजे परिसर में आरडीएक्स विस्फोट होगा और इसे खाली करा लिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि उमरा थाने और बम निरोधक दस्ते की टीम मौके पर पहुंची लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। पुलिस उपाधीक्षक दिव्यप्रकाश गोहिल ने बताया कि ई-मेल मूल रूप से एक आउटलुक आईडी से सूरत पासपोर्ट कार्यालय में प्राप्त हुआ।

### दो लाख राशन कार्ड जारी करेगी सरकार

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को कहा कि दिल्ली सरकार इस साल दो लाख नए राशन कार्ड जारी करेगी। अपनी सरकार की पहली वर्षगांठ के अवसर पर उत्तर पश्चिमी दिल्ली में आयोजित प्रवास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गुप्ता ने कहा कि पिछले कई वर्षों से दिल्ली में नए राशन कार्ड जारी नहीं किए गए हैं। उन्होंने कहा, हम इस साल दो लाख राशन कार्ड जारी करने जा रहे हैं। अधिकारियों के अनुसार, दिल्ली में 17 लाख से अधिक राशन कार्ड धारक हैं, जिनमें लगभग 73 लाख सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) लाभार्थी शामिल हैं। हाल में, दिल्ली सरकार के खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामलों के विभाग द्वारा एक सत्यापन अभियान चलाया गया, जिसमें 2.76 लाख राशन कार्ड धारकों को नोटिस जारी किए गए।

### अहमदाबाद में मोटापे पर सम्मेलन आयोजित

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद में मोटापे (ओबेसिटी) पर ओबेसिटी एंड मेटाबॉलिक सर्जरी सोसाइटी ऑफ इंडिया (ओएसएसआई) का ओसीकोन (ओएसएसआईसीओएन) 2026, 23वां राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया। ओबेसिटी एंड मेटाबॉलिक सर्जरी सोसाइटी ऑफ इंडिया (ओएसएसआई) अध्यक्ष डॉ. रणदीप वाधवन ने शुक्रवार को कहा कि ओएसएसआई वर्षों से प्रशिक्षण और नए शोध के माध्यम से मोटापे की समस्या को कम करने के लिए काम कर रही है। ओएसएसआईसीओएन जैसी कॉन्फ्रेंस भारत के लोगों के स्वास्थ्य में सुधार लाने के हमारे प्रयासों को और अधिक मजबूत बनाती है।

# कांग्रेस ने एआई समिट में कपड़े उतारे बौद्धिक दिवालियापन भी दिखाया

## प्रधानमंत्री ने कहा विपक्षी पार्टी चाहे जितना कपड़े फाड़े देश के विकास का जारी रहेगा काम

**नई दिल्ली, एजेंसी**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ''एआई इम्पैक्ट'' शिखर सम्मेलन में कांग्रेस की युवा इकाई के सदस्यों द्वारा कमीज उतारकर किए गए प्रदर्शन की शुक्रवार को कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि विपक्षी पार्टी चाहे जितने कपड़े फाड़ना चाहती है, फाड़ सकती है लेकिन उनकी सरकार देश के विकास के लिए काम करना जारी रखेगी।

मोदी ने एक न्यूज चैनल के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस ने न सिर्फ विदेशी मेहमानों के सामने अपने कपड़े उतारे बल्कि अपना बौद्धिक दिवालियापन भी उजागर किया। उन्होंने रेखांकित किया कि मिलेनियल पीढ़ी ने देश की सबसे पुरानी पार्टी को सबक सिखा दिया है और अब जेन-जेड भी ऐसा ही करने के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर परोक्ष रूप से कटाक्ष करते हुए कहा कि विपक्ष नए संसद भवन के ऊपर स्थापित बब्बर शेरों की प्रतिमा को देखकर नाखुश है, लेकिन उनके अपने बब्बर शेर आम जनता के जूतों का सामना करने के बाद भाग रहे हैं। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने 24 फरवरी को कहा था कि उन्हें भारतीय युवा कांग्रेस के बब्बर शेरों पर गर्व है जिन्होंने एआई शिखर सम्मेलन में निडरता से अपनी आवाज उठाई। मोदी ने कहा कि कांग्रेस के बब्बर शेर लोगों के जूते खाकर भाग गए।

प्रधानमंत्री ने एआई इम्पैक्ट सम्मेलन में विरोध प्रदर्शन कर रहे युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं को कुछ लोगों द्वारा रोके जाने की ओर इशारा करते हुए यह कहा। भारतीय युवा कांग्रेस (आईवाईसी) के कार्यकर्ताओं के एक समूह ने 20 फरवरी को दिल्ली में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट स्थल के हॉल नंबर पांच के अंदर सरकार विरोधी नारों से छपी टी-शर्ट को प्रदर्शित करते हुए अपनी कमीजें उतारकर विरोध प्रदर्शन किया, जिससे भाजपा और कांग्रेस के बीच राजनीतिक खींचतान शुरू हो गई। मोदी ने अपने 45 मिनट के भाषण में कहा, कांग्रेस चाहे जितने कपड़े फाड़ ले, लेकिन हम भारत के विकास के लिए काम करते रहेंगे।

**विपक्ष का काम केवल सरकार का विरोध करना नहीं**

प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि कांग्रेस अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए हमेशा महात्मा गांधी का सहारा लेती है, लेकिन किसी भी अच्छे काम का श्रेय एक ही परिवार को देने की कोशिश करती है। उन्होंने कहा, हमारे देश की जनता ने सरकार द्वारा उठाए गए हर अच्छे कदम का स्वागत किया लेकिन कांग्रेस को तो सिर्फ हर चीज का विरोध करना आता है। कांग्रेस के वोट चोरी नहीं होते<bha>;</bha> बल्कि लोग कांग्रेस को अपने वोट के लायक नहीं समझते। सबसे पहले मिलेनियल ने कांग्रेस को सबक सिखाया, अब जेन जेड भी ऐसा ही करने को तैयार है। मोदी ने यह भी कहा कि लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका सरकार के हर कदम का केवल विरोध करना नहीं है।

**कांग्रेस ने औपनिवेशिक मानसिकता बकरार रखा**

मोदी ने कहा कि आज कांग्रेस की हालत ऐसी है कि उसके पास सिर्फ चार राज्यों में 50 से अधिक विधायक हैं। पिछले 40 वर्ष में देश में युवा मतदाताओं की संख्या बढ़ी है, लेकिन कांग्रेस की लोकप्रियता में स्पष्ट रूप से गिरावट आई है। हाल में भारत द्वारा दूसरे देशों के साथ किए गए व्यापार समझौतों पर मोदी ने कहा कि देश ने अपनी अंतर्निहित शक्ति को पहचान लिया है, जिसने विकसित देशों को भारत के साथ समझौते करने के लिए प्रेरित किया है। कहा कि आजादी के बाद भी, कुछ लोगों ने अपने फायदे के लिए औपनिवेशिक मानसिकता को बरकरार रखा।

## ब्रिटेन की ग्रीन पार्टी ने उपचुनाव में जीत हासिल की

**लंदन।** ब्रिटेन की वामपंथी ग्रीन पार्टी ने संसद की एक सीट के लिए हुए उपचुनाव में शुक्रवार को जीत हासिल की, जिसे छोटे दल के लिए बड़ी सफलता और प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। स्टॉर्मर की लेबर पार्टी इस चुनाव में तीसरे स्थान पर रही। ग्रीन पार्टी की उम्मीदवार हन्ना स्पेंसर (34) ने अपनी जीत को इस बात का संकेत बताया कि ग्रीन पार्टी भविष्य में लेबर पार्टी के अन्य सांसदों को भी हरा सकती है।

उत्तर-पश्चिम इंग्लैंड में इस उपचुनाव के लिए ग्रीन पार्टी द्वारा जारी उर्दू भाषा के विवादास्पद प्रचार वीडियो में स्टॉर्मर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ दिखाए जाने के कारण विवाद खड़ा हो गया था। मैनचेस्टर की गॉर्टन और डेंटन सीट के लिए नवनिर्वाचित सांसद से जब इस विवादास्पद वीडियो के बारे में पूछा गया तो उन्होंने इन आरोपों को खारिज कर दिया कि ये वीडियो सांप्रदायिक प्रकृति के थे। लेबर पार्टी ने ग्रीन पार्टी पर आरोप लगाया था कि वे निर्वाचन क्षेत्र के महत्वपूर्ण ब्रिटिश पाकिस्तानी मतदाताओं को लुभाने के स्पष्ट प्रयास में विभाजनकारी रणनीति का इस्तेमाल कर रहे हैं।

# समीर वानखेड़े के खिलाफ कार्रवाई करने की दी मंजूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- कॉर्डेलिया क्रूज मामले में दिल्ली उच्च न्यायालय ने दी अनुमति

दिल्ली उच्च न्यायालय ने 2021 के कॉर्डेलिया क्रूज मादक पदार्थ मामले के संबंध में भारतीय राजस्व सेवा के अधिकारी समीर वानखेड़े के खिलाफ शुक्रवार को अनुशासनात्मक कार्रवाई जारी रखने की अनुमति दे दी। न्यायमूर्ति अनिल क्षेत्रपाल और न्यायमूर्ति अमित महाजन की पीठ ने केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण (सीएटी) के उस आदेश के खिलाफ केंद्र की याचिका को स्वीकार कर लिया, जिसमें इस मामले में वानखेड़े के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई को रद्द कर दिया गया था।

फैसला सुनाते हुए पीठ ने कहा कि याचिका स्वीकार की जाती है। केंद्र सरकार ने 19 जनवरी को पारित सीएटी के उस आदेश को चुनौती दी थी जिसमें केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड द्वारा 18 अगस्त, 2025 को वानखेड़े को जारी किए गए चार्ज मेमोरेंडम (आरोपपत्र) को रद्द कर दिया गया था। वर्ष 2008 बैच के भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) के अधिकारी वानखेड़े उस समय सुर्खियों में आए थे जब उन्होंने 2021 में मुंबई के स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) में अपने कार्यकाल के दौरान अभिनेता शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान को कॉर्डेलिया क्रूज मादक पदार्थ कांड में फंसाने की धमकी देकर उनके परिवार से कथित तौर पर 25 करोड़ रुपये की मांग की थी। सीएटी के समक्ष वानखेड़े ने केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड द्वारा उनके खिलाफ की गई अनुशासनात्मक जांच को चुनौती देते हुए एक मूल आवेदन दायर किया। एनसीबी से कार्यमुक्त होने के बाद भी कथित रूप से उसके कानूनी विभाग से गोपनीय जानकारी मांगने के लिए अनुशासनात्मक जांच शुरू की गई थी। यह भी आरोप लगाया गया कि उन्होंने एनसीबी के विधिक अधिकारी से जांच की दिशा मोड़ने का आश्वासन भी मांगा था।

अपने फैसले में, अदालत ने कहा कि कार्यवाही के इस अपरिपक्व चरण में कैट द्वारा हस्तक्षेप अनुचित था। इसमें कहा गया कि आरोप पूरी तरह से वानखेड़े द्वारा स्वयं दर्ज किए गए दस्तावेजी साक्ष्यों पर आधारित थे।

# विमानों ने तबाह किए दुश्मन के ठिकाने, लक्ष्यों पर सटीक निशाना

**जैसलमेर, एजेंसी**



जैसलमेर में भारत-पाकिस्तान सीमा के पास वायु शक्ति अभ्यास के अंतर्गत भारतीय जंगी विमानों के हमले में एक लक्ष्य से उठती आग की लपटें।

- पोखरण में वायुशक्ति के दौरान वायुसेना ने दिखाई अपनी ताकत

भारतीय वायुसेना ने शुक्रवार को भारत-पाकिस्तान अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास पोकरण में वायुशक्ति अभ्यास में अपनी ताकत का प्रदर्शन किया जिसे देखने के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भी मौजूद रहीं। जैसलमेर जिले में थार के रेगिस्तानी इलाके में इस अभ्यास में वायुसेना ने अपनी जंगी ताकत और ''ऑपरेशन सिंदूर'' के दौरान किए गए मिशन की झलक दिखाई। शुक्रवार शाम शुरू हुए इस अभ्यास के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागडे और केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत मौजूद रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान एवं राष्ट्रगीत से हुई। वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए पी सिंह एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। अभ्यास के दौरान तीन किलोमीटर के इलाके में फैले लक्ष्यों को दिखाया गया। प्रदर्शन के लिए बनाए गए लक्ष्यों में दुश्मन का रनवे, पेट्रोलियम भंडार, बंकर, रडार स्थल, टैंक और सशस्त्र काफिले, संचार केंद्र, आतंकवादियों के शिविर, शस्त्र भंडार एवं हैंगर शामिल थे। इसके बाद लड़ाकू विमान एवं युद्धक हेलीकॉप्टर ने तालमेल बिठाकर ऑपरेशन शुरू किया जिसमें रणनीति बनाना, लक्ष्य को चिह्नित करना तथा लक्ष्यों को तबाह करना शामिल रहा। इसके तहत जगुआर और मिराज लड़ाकू विमानों ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अपने हमले के समन्वित तरीके को दोहराते हुए एक साथ लक्ष्यों को निशाना बनाया।

सुखोई लड़ाकू विमान ने आतंकी शिविर पर हमला किया। स्वदेशी हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर प्रचंड ने नकल रीफ्यूलिंग पॉइंट पर हमला करके अपनी फुर्ती दिखाई। अपाचे लड़ाकू हेलीकॉप्टर, मिराज लड़ाकू विमान और एमआई-17 वी5 हेलीकॉप्टर ने भी समन्वित ऑपरेशन में हिस्सा लिया।

## मणिपुर से तीन अमूर फाल्कन सफलतापूर्वक अफ्रीका पहुंचे

**इंफाल।** प्रवासी पक्षियों के अध्ययन के लिए ट्रैक किए जा रहे तीन अमूर फाल्कन पक्षी मणिपुर से सफलतापूर्वक दक्षिण अफ्रीका पहुंच गए हैं और सुरक्षित तथा स्वस्थ हैं। मणिपुर अमूर फाल्कन ट्रैकिंग प्रोजेक्ट के दूसरे चरण के तहत, आठ नवंबर 2025 को इन पक्षियों को सैटेलाइट ट्रांसमीटर के साथ टैग किया गया था। उल्लेखनीय है कि मणिपुर वन विभाग और भारतीय वन्यजीव संस्थान द्वारा चल रहे सैटेलाइट-आधारित प्रवास अध्ययन के हिस्से के रूप में इन पक्षियों को तामेंगलोंग जिले के चिउलुआन बसेरा स्थल में टैग करने के बाद छोड़ दिया गया था। तामेंगलोंग जिले के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी कि आहू, अपापंग और अलंग नाम के तीनों पक्षी अफ्रीका में अपने प्रवास में सुरक्षित हैं। टैग किए गए ये पक्षी लगभग नौ से दस दिनों के रिकॉर्ड समय में अफ्रीका पहुँच गए, जो इस प्रजाति की उल्लेखनीय लंबी दूरी की प्रवास क्षमता को प्रदर्शित करता है।

# तमिलनाडु में एक चरण में हो सकता है विधानसभा चुनाव

**चेन्नई, एजेंसी**



- राजनीतिक दलों ने विधानसभा चुनाव एक ही चरण में कराने का दिया है सुझाव

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने शुक्रवार को कहा कि तमिलनाडु में राजनीतिक दलों ने विधानसभा चुनाव एक ही चरण में कराने का सुझाव दिया है और इस पर सभी पहलुओं पर विचार करने के बाद निर्णय लिया जाएगा। तमिलनाडु में हाल में संपन्न मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को कुमार ने देश के लिए एक आदर्श और बड़ी सफलता बताया और कहा कि इससे मतदाता सूची में पारदर्शिता सुनिश्चित हुई है।

उन्होंने कहा कि बेहतर व्यवस्था के मामले में तमिलनाडु का विधानसभा चुनाव, बिहार चुनाव से भी आगे रहेगा। उन्होंने कहा कि बिहार का अनुभव यह दिखाता है कि हाल के दशकों में वहां के चुनाव सबसे त्रुटिरहित रहे। मुझे सभी जिलाधिकारियों, पुलिस अधीक्षकों और पूरी चुनावी मशीनरी समेत प्रवर्तन एजेंसियों ने आश्वस्त किया है कि तमिलनाडु के चुनाव नए रिकॉर्ड बनाएंगे और बिहार से कहीं बेहतर होंगे। तमिलनाडु में हाल में संपन्न एसआईआर का उल्लेख करते हुए कुमार ने इसे देश के लिए एक आदर्श बताया। कुछ राजनीतिक दलों की यह आलोचना कि इस प्रक्रिया के कारण मतदाताओं के नाम बड़ी संख्या में हटा दिए गए, मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने जवाब में कहा कि इस प्रक्रिया से मतदाता सूची की शुचिता बनाए रखने में निर्वाचन आयोग के अधिकारियों की पेशेवर क्षमता का प्रदर्शन हुआ।

**वीवीपैट की होगी अनिवार्य रूप से गिनती**

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने राज्य के 75,000 मतदान केंद्रों पर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। मतगणना प्रक्रिया के संबंध में उन्होंने कहा कि 'वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल' (वीवीपैट) की अनिवार्य रूप से गिनती की जाएगी, साथ ही मतगणना पूरी होने के बाद भी कोई उम्मीदवार निर्धारित शुल्क जमा कर अगले सात दिन में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) और वीवीपैट का मिलान करा सकता है। नई पहलों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि एक महत्वपूर्ण कदम यह है कि ईवीएम की गिनती से पहले दो दौर में डाक मतपत्रों की गिनती की जाएगी।

# मुंबई पहुंचे कार्नी, प्रधानमंत्री मोदी से करेंगे वार्ता

**मुंबई, एजेंसी**



मुंबई हवाई अड्डे पर कनाडा के प्रधानमंत्री का किया गया स्वागत • एजेंसी

- हवाई अड्डे पर भारतीय अधिकारयों ने किया गर्मजोशी से स्वागत

कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी अपने पहले आधिकारिक भारत दौरे पर शुक्रवार को मुंबई पहुंचे। अगले दो दिनों में उनकी भारतीय और कनाडा के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों, उद्योग विशेषज्ञों, अन्वेषकों, शिक्षाविदों और पेंशन निधि निवेश प्रतिनिधियों से मिलने का कार्यक्रम है। कार्नी दो मार्च को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय बातचीत करेंगे।

यह 10 महीनों में कार्नी और मोदी के बीच तीसरी बैठक होगी, जो भारत-कनाडा रिश्तों को बेहतर बनाने की कोशिशों को प्रदर्शित करती है। यह जून 2023 में ब्रिटिश कोलंबिया में एक गुरुद्वारे के बाहर खालिस्तानी समर्थक कार्यकर्ता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद उनके पहले के जस्टिन ट्रूडो के कार्यकाल के दौरान पैदा हुए तनाव को खत्म करने की कोशिशों को भी दिखाती है।

कनाडा के तत्कालीन प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने दावा किया था कि निज्जर की मौत से भारत सरकार के एजेंटों का कनेक्शन जोड़ने वाले भरोसेमंद सबूत हैं। इस आरोप को नयी दिल्ली ने पूरी तरह से गलत बताया था।

## विदेशी महिला ने पोस्ट किया मुंबई में उत्पीड़न का वीडियो

**मुंबई।** विदेशी महिला पर्यटक ने अपने कटु अनुभवों को साझा करते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किया जिसमें मुंबई में दो लोग लगातार उसका पीछा कर रहे हैं और मना करने के बावजूद तस्वीरें खिंचवाने को कह रहे हैं। इस मामले के बाद पुलिस ने दोनों लोगों के मामला दर्ज किया। पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि यह घटना दक्षिण मुंबई में दिन के समय घटी, लेकिन उन्होंने घटना के समय और स्थान के बारे में कोई सटीक जानकारी नहीं दी।

पीड़ित महिला की पहचान इनेस फारिया के रूप में हुई है, जो एक यूट्यूबर है और पिछले दो महीनों से भारत का दौरा कर रही है।

**होली आई रे....**



रंग पर्व होली करीब है। इसके पहले ही लोगों पर होली का उत्साह छाने लगा है। देश भर में स्कूल-कॉलेजों और गली-टोलों में होली की हुड़दंग शुरू हो गई है। होली की छुट्टियां होने की घोषणा होने पर नागपुर के एक कॉलेज में रंग-गुलाल से सराबोर छात्र।

## मणिपुर में पांच उग्रवादी गिरफ्तार हथियार बरामद

**इंफाल।** मणिपुर में पुलिस और सुरक्षा बलों ने गुरुवार को विभिन्न प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े पांच उग्रवादियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आज यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि सुरक्षा बलों ने एक उग्रवादी को बुधवार को इंफाल पूर्वी जिले के कोइरेंगेई मानुंग लाइखोन लेइकाई से गिरफ्तार किया। इसी संगठन के दो अन्य सदस्यों को भी इंफाल पूर्वी जिले के याइंगंगपोकपी से पकड़ा गया। संगठन के एक अन्य सदस्य को इंफाल पश्चिमी जिले के वाहेन्ग खुमान इलाके से गिरफ्तार किया गया। एक अन्य अभियान में पुलिस ने इम्फाल पूर्वी जिले में एक उग्रवादी को गिरफ्तार किया।

# कुनो में मादा चीता गामिनी ने चौथे शावक को दिया जन्म

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- देश में चीतों की कुल संख्या बढ़कर 39 हुई

दक्षिण अफ्रीका से लाई गई मादा चीता गामिनी ने मध्यप्रदेश के कुनो राष्ट्रीय अभयारण्य में चौथे शावक को जन्म दिया है। इसी के साथ भारत में चीतों की कुल संख्या बढ़कर 39 हो गई है। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। केंद्रीय मंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि कुनो राष्ट्रीय अभयारण्य में मादा चीता गामिनी द्वारा चौथे शावक को जन्म देने की घोषणा करते हुए प्रसन्नता हो रही है।

क्षेत्र और पशु चिकित्सा टीमों द्वारा गहन निगरानी के दौरान चौथे शावक की उपस्थिति की पुष्टि हुई। उन्होंने कहा, चारों शावक फिलहाल स्वस्थ हैं और ठीक हैं। भारत में चीतों की संख्या अब 39 हो गई है, जिनमें 28 भारत में जन्मे शावक शामिल हैं। दुनिया में सबसे तेज रफ्तार से दौड़ने वाले स्थलीय जानवर चीता को भारत को फिर से बसाने की योजना सितंबर 2022 में शुरू की गई।

**एनएचआरसी ने दी नोटिस** | **अमेरिकी एआई कंपनी और भारतीय एनजीओ में समझौते पर जताई चिंता**

# बच्चों की निजता के खतरों की जांच करें राज्य और केंद्र

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- बच्चों के निजी जानकारी के स्थानांतरण को लेकर मिली है शिकायत

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने अमेरिका स्थित एक कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) कंपनी और एक भारतीय गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) के बीच सहयोग से बच्चों की निजता को कथित रूप से खतरे में डालने को लेकर सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ-साथ कुछ केंद्रीय सरकारी विभागों को नोटिस जारी किए हैं।

यह कार्रवाई उस शिकायत के बाद की गई है, जिसमें अमेरिका स्थित एंथ्रोपिक और भारत में बच्चों के लिए काम करने वाले एक गैर सरकारी संगठन प्रथम के बीच सहयोग को लेकर चिंता जताई गई थी। इस सहयोग में बच्चों की हस्तलिखित प्रतिक्रियाओं और शैक्षणिक डाटा को एनीटाइम टेस्टिंग मशीन (एटीएम) के माध्यम से संसाधित करने के लिए एआई प्रणाली का इस्तेमाल शामिल था। शिकायतकर्ता ने नाबालिगों के व्यक्तिगत डाटा के संग्रह, भंडारण और संभावित सीमा-पार स्थानांतरण से संबंधित चिंताओं को उठाया।

इस मामले में आयोग के हस्तक्षेप की मांग की गई थी, क्योंकि शिकायतकर्ता ने बच्चों के हित में डाटा संरक्षण और उचित सुरक्षा उपायों का अनुरोध किया था। यह शिकायत नमो फाउंडेशन द्वारा दायर की गई है, जिसने बच्चों की निजता खतरे में है? शीर्षक से एक रिपोर्ट प्रस्तुत की है। यह शिकायत डिजिटल व्यक्तिगत डाटा संरक्षण (डीपीडीपी) अधिनियम, 2023 के तहत बच्चों की निजता और डाटा संरक्षण के लिए संभावित जोखिमों से संबंधित है।

**सुनिश्चित करें कि डाटा का दुरुपयोग न हो**

राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को यह भी सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है कि बच्चों से संबंधित कोई भी डाटा डीपीडीपी अधिनियम, 2023 या किसी अन्य भारतीय कानून के किसी भी प्रावधान का उल्लंघन न करे और ऐसे गैर-सरकारी संगठनों के साथ किए गए किसी भी समझौता ज्ञापन की समीक्षा करें। उच्च शिक्षा विभाग, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिवों और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव को भी नोटिस जारी किए गए हैं। आयोग ने नोटिस प्राप्त होने की तारीख से दो सप्ताह के भीतर की गई कार्रवाई के संबंध में रिपोर्ट मांगी है।

# एप्स्टीन मामले में मैंने कुछ भी गलत नहीं किया: बिल क्लिंटन

**वाशिंगटन, एजेंसी**



- पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति ने सांसदों के सामने दी गवाही

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने यौन उत्पीड़न के अपराधी जेफ्री एप्स्टीन संबंधी मामले की जांच कर रहे सांसदों के समक्ष अपनी गवाही देते हुए शुक्रवार को कहा कि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया और उन्हें एप्स्टीन द्वारा उत्पीड़न किए जाने का कोई संकेत नहीं दिखा। न्यूयॉर्क के चैप्पाक्वा में बंद कमरे में यह पहली बार हुआ जब किसी पूर्व राष्ट्रपति को संसद के सामने गवाही देने के लिए बाध्य होना पड़ा। यह घटनाक्रम क्लिंटन की पत्नी एवं पूर्व विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन द्वारा सांसदों के सामने अपनी गवाही दिए जाने के एक दिन बाद हुआ है। बिल क्लिंटन पर भी किसी प्रकार के गलत काम का आरोप नहीं लगाया गया है। फिर भी सांसद इसे लेकर मंथन कर रहे हैं कि ऐसे समय में अमेरिका में जवाबदेही कैसे तय होनी चाहिए, जब एप्स्टीन के साथ संबंधों को लेकर दुनिया भर में कई पुरुषों को उनके उच्च पदों से हटा दिया गया है।

